# बड़े भवनों और फायर सेंसेटिव स्थानों की करें जांच- कलेक्टर गोयल

- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने लॉ एंड ऑर्डर पर ली समीक्षा बैठक
- दुर्घटनाओं में कमी के लिए ट्रक ट्रॉलियों में रेडियम पट्टी के अनिवार्य उपयोग के दिए निर्देश
- गर्मियों में उद्योगों में लोडिंग अनलोडिंग के दौरान ट्रक ड्राइवर्स के लिए पेयजल और रुकने की व्यवस्था करवाने हेतु किया निर्देशित
- ब्लड बैंक में पर्याप्त ब्लड यूनिट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश
- स्वास्थ्य विभाग को गर्मियों में लू और मौसमी बीमारियों से बचाव व उपचार के लिए पूरी तैयारी रखने के लिए कहा गया
- शराब और बिना पर्ची के नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर लगातार कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जिले में अधिकारियों की बैठक ले कर लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर एडीएम संतन देवी जांगड़े, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिला सेनानी से कहा कि पिछले कुछ सालों में रायगढ़ शहर और जिले में जहां आग लगने की घटना सामने आई हैं ऐसी जगहों का एक बार पुन: निरीक्षण करें, फायर सेंसेटिव भवनों का भी मुआयना कर वहां आग बुझाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी रखें। उन्होंने बड़े भवनों में भी आग बुझाने की तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बड़े त्यौहार है। इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट रहें और अपनी समुचित तैयारी रखें। उन्होंने जिले के उद्योगों में बाहर से आने वाले श्रमिकों के जानकारी नियमित अंतराल में उद्योगों से लेने और उसके सत्यापन के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों और अशांति फैलाने वालों की पहचान कर आवश्यक प्रतिबंधात्मक और बॉउंड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने सड़कों पर अवैध पार्किंग और ओवरलोडिंग पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली। डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि पिछले दो माह में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत करीब 60 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। इसी प्रकार आरटीओ के द्वारा लगभग 3.40लाख रुपए का जुर्माना वाहनों पर लगाया गया है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि वाहनों की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए। जुर्माने के साथ लोगों को जागरूक कार्यवाही बेहद जरूरी है। उन्होंने हाइवे में सड़क किनारे मालवाहक ट्रकों के रात में पार्किंग को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इन ट्रकों की ट्रॉलियों के पिछले हिस्से में अनिवार्य रूप से रेडियम पट्टियां लगाने के निर्देश दिए। जिससे रात के अंधेरे में वाहनों के टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी। इसके लिए उन्होंने विशेष रूप से ट्रांसपोर्टर्स की बैठक लेने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि राही, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, एसडीएम धरमजयगढ़ धनराज मरकाम, एसडीएम घरघोड़ा रमेश मोर, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, एसडीएम लैलूंगा अक्षा गुप्ता, डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह, डीएसपी मुख्यालय सुशांतो बनर्जी, डीएसपी उन्नति ठाकुर, समस्त तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**गर्मियों में ट्रक चालकों के लिए उद्योगों में पेयजल और कूलर पंखे की व्यवस्था**

कलेक्टर गोयल ने कहा कि गर्मियों के दौरान कई बार ट्रक ड्राइवर अनलोडिंग की बारी का इंतजार करते हुए केबिन में ही रुक जाते हैं। अनलोडिंग प्वाइंट पर उनके पेयजल, रुकने का कोई इंतेजाम नहीं होता है। ऐसे में ट्रक ड्राइवर की तबीयत बिगड़ती है। पिछले वर्ष इस प्रकार की घटनाओं से कुछ ड्राइवर्स की मौत भी हो गई थी। ऐसे मामले नहीं आए इसके लिए उद्योगों में ट्रक ड्राइवर्स के लिए पेयजल, ओआरएस, रुकने के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने कहा कि उद्योगों से बात कर हाइवे पर कुछ स्थानों में वाटर पॉइंट भी बनाए जाएं। जहां पानी के साथ ओआरएस की भी व्यवस्था हो। उन्होंने घरघोड़ा मार्ग के साथ विशेष रूप से हमीरपुर और झारसुगुडा हाइवे पर भी ऐसी व्यवस्था के लिए उद्योगों से समन्वय के निर्देश दिए।

**ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध हो पर्याप्त ब्लड यूनिट**

कलेक्टर गोयल ने बैठक में ब्लड बैंक में ब्लड यूनिट की उपलब्धता के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित ब्लड बैंक्स में ब्लड यूनिट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। जिससे मरीजों को आपातकालीन स्थिति में भटकना न पड़े। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप निर्देशित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस से समन्वय करते हुए नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैंप करवाएं।

**नशा मुक्ति केंद्र से डिस्चार्ज लोगों से रखें नियमित संपर्क**

कलेक्टर गोयल ने समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्ति केंद्र का लाभ लेकर डिस्चार्ज हुए लोगों से नियमित संपर्क रख यह देखने के लिए कहा कि कहीं वे फिर से नशे की गिरफ्त में तो नहीं आ रहे। इस प्रकार की स्थिति में उनकी काउंसलिंग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर गोयल ने इसके साथ अवैध नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल स्टोर्स से नशीली दवाएं बिना डॉक्टर के पर्ची के अवैध रूप से बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए।

**गर्मियों में लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग रखे समुचित तैयारी**

कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को गर्मी के मौसम में लू सहित अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ितों के त्वरित राहत के लिए समुचित तैयारी रखने के निर्देश दिए। गांवों में मितानिनों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और लू से बचने और बीमार पडऩे पर सही इलाज लेने के प्रेरित करने के निर्देश दिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अग्निवीर पुरूष भर्ती के परिणाम घोषित, 680 उम्मीदवारों को मिली सफलता

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परिणाम 21 मार्च 2025 को घोषित कर दिया गया है। दिसम्बर 2024 में रायगढ़ भर्ती में 6,726 उम्मीदवारों ने भाग लिया था, जिसमें से 680 उम्मीदवार अग्निवीर जीडीए अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेडमेन के लिए चुने गए हैं। जो कि इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। यह परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी (JIA) साइट (www.joinindianarmy.nic.in) पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए है। अग्निवीर कर्लक और अग्निवीर डब्ल्यू.एम.पी.का परिणाम 1-2 दिन में आने की संभावना है। सभी अभ्यार्थियों को 24 मार्च 2025 को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय किक्रेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है वहाँ प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यार्थियों की ट्रेनिंग 01 मई 2025 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। भारतीय सेना सभी सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। भारतीय सेना मे चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालों से सावधान रहें। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 अथवा 0771-2965214 पर संपर्क करें।

### पुलिस महानिरीक्षक ने राष्ट्रपति के रायपुर प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले अधिकारियों की बैठक ली

**रायपुर (आरएनएस)।** सोमवार 24 मार्च राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मु के रायपुर प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के संपूर्ण प्रभारी अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर अमरेश मिश्रा द्वारा ड्यूटी में लगे समस्त अफसरों की बैठक ली गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा एयरपोर्ट, कारकेड, स्टेडियम, विधानसभा भवन में सुरक्षा व्यवस्था सहित रूट की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सूक्षमता से विस्तार पूर्वक आवश्यक व महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक डॉ. संतोष सिंह, सेनानी सूरज सिंह परिहार, जे.आर. ठाकुर, लक्ष्य शर्मा एवं प्रशांत कतलम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### व्यापारी से दिनदहाड़े 20 लाख रूपये की लूट

**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में दिनदहाड़े एक धान व्यापारी से 20 लाख रूपये की लूट हो गई है। धान व्यापारी ने अर्जुनी थाना में शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार धान व्यापारी राजनांदगांव से कलेक्शन के 20 लाख रुपए लेकर धमतरी लौट रहा था। धमतरी के पोटिया डीही गांव के पास जब व्यापारी पहुंचा तभी अचानक बदमाशों ने कार पर हमला करना शुरू कर दिया। कार में तोडफ़ोड़ करने के बाद बदमाशों ने कार में रखे 20 लाख रुपए लूट लिए और दुर्ग रोड की ओर भाग गए। घटना से इलाके में हडक़ंप मच गया। जिसके बाद व्यापार ने घटना की शिकायत अर्जुनी थाने में दर्ज कराई है। पुलिस की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाके में नाकेबंदी कर जांच में जुट गई है।

## स्टील प्लांट में चोरी : पूंजीपथरा पुलिस की त्वरित कार्यवाई में एक आरोपी गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**रायगढ़**




पूंजीपथरा थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा स्टील प्लांट में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पूंजीपथरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 21 मार्च 2025 की रात की है, जब चार युवक मोटरसाइकिल से प्लांट के मुख्य गेट को पार कर अंदर घुसे और वहां से तीन नग लोहे के क्रेन चक्के व दो मोटर पंखे चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 50,000 रुपये आंकी गई है।

प्लांट के सिक्योरिटी इंचार्ज समर बहादुर ने 21 मार्च को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर अपराध क्रमांक 63/2025 धारा 331 (4), 305 (E), 3(5) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही त्रिनाथ राठिया, निवासी कटाईपालीडीह, ग्राम तुमीडीह को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने और चोरी का सामान आपस में बांट लेने की बात स्वीकार की।

आरोपी त्रिनाथ राठिया (22 साल) के बयान पर वरुण ढाबा के पास जंगल में छिपाकर रखे गए चोरी के एक लोहे के क्रेन चक्के (वजन 75 किलोग्राम, कीमत 20,000 रुपये) और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर की सीटी-100 मोटरसाइकिल (कीमत 75,000 रुपये) को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है, अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## खरसिया में सूने मकान से चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, नकदी व पूरा जेवरात बरामद

**रायगढ़**



खरसिया पुलिस ने सूने मकान में चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और चोरी किए गए बर्तन बरामद किए हैं। मामले में फरियादी ज्योतिश्वरी नामदेव (64 वर्ष), सेवानिवृत्त शिक्षिका, निवासी पुरानी बस्ती, हनुमान मंदिर के पीछे, खरसिया ने 19 मार्च को चौकी खरसिया में शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़िता ने बताया कि वह अपने बड़े भाई की देखरेख के लिए अधिकतर बिलासपुर में रहती हैं। 15 फरवरी 2025 को उन्होंने अपने मकान को बंद कर दिया था, लेकिन बाद में पड़ोसियों ने फोन कर सूचना दी कि किसी ने उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ने की कोशिश की है। सतर्क पड़ोसियों ने एहतियातन एक अतिरिक्त ताला लगा दिया था। होली के बाद, 16 मार्च को जब वह वापस लौटीं, तो घर में चोरी हो चुकी थी। चोरी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर अप.क्र. 155/2025 धारा 303(2), 331(4) BNS के तहत अपराध कायम कर माल मुल्जिम पतासाजी में लिया गया।

चोर बालकनी से घर में घुसे और अंदर का दरवाजा खोलकर एक जोड़ी सोने की बाली, दो नग सोने के लॉकेट, दो जोड़ी चांदी की पायल, तीन पीतल की आरती थाली, एक पीतल का खलबट्टा, एक बड़ा पीतल का गंज और 3-4 हजार रुपये नकद, कुल 50,000 रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ले गए थे।

**तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी का पूरा सामान बरामद**

एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में चौकी खरसिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर हीरा यादव, ओम केंवट और राहुल सारथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया।

आरोपियों ने बताया कि उन्हें जानकारी थी कि नामदेव मैडम अक्सर बाहर रहती हैं। 12 मार्च को उन्होंने घर की रेकी कर चोरी की योजना बनाई और वारदात को अंजाम दिया। चोरी के बाद तीनों ने माल आपस में बांट लिया था।

**बरामद सामान:**

आरोपियों के मेमोरेंडम पर दो नग सोने के लॉकेट, एक नग सोने की बाली, दो जोड़ी चांदी की पायल, तीन पीतल की आरती थाली, एक पीतल का गंज, एक छोटा पीतल का खलबट्टा और 1500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, इस कार्रवाई में उप निरीक्षक संजय नाग, सहायक उप निरीक्षक मनोज पटेल, आरक्षक कीर्ति सिदार, सोमनाथ पटेल, मुकेश यादव और साविल चंद्रा की अहम भूमिका रही। पुलिस चोरी के अन्य मामलों में आरोपियों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम : राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान आज

- 18 हजार 770 शिक्षार्थी होंगे शामिल, प्रत्येक शिक्षार्थी को मिलेगा 3 घंटे का समय

**रायगढ़**



उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 23 मार्च को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 23 मार्च 2025 को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई है। जिसमें जिले के 18 हजार 770 शिक्षार्थी शामिल होंगे। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा केन्द्र के मूल्यांकन हेतु शामिल हो सकते है। जिसके लिए प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के 15 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जारी है। जिसके तहत शिक्षार्थियों के 200 घंटे अध्यापन पश्चात आकलन परीक्षा एनआईओएस द्वारा 23 मार्च 2025 को आयोजित की जा रही है।

जिले के समस्त विकासखंडो के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में यह योजना संचालित है। जिसमें स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से असाक्षर विद्या अध्ययन कर रहे हैं। अध्यापन हेतु उल्लास प्रवेशिका एवं अध्यापन पुस्तिका राज्य से उपलब्ध कराई गई थी, इसके अलावा उल्लास मोबाइल ऐप में भी पढऩे की सभी सामग्रियां उपलब्ध हैं। वर्तमान में जिले में इस योजना से 28,770 शिक्षार्थी पंजीकृत होकर जुड़े हुए हैं। अध्यनरत शिक्षार्थियों में से 200 घंटे की पढ़ाई एवं उल्लास प्रवेशीका के 07 अध्याय पूर्ण कर लेने वाले शिक्षार्थियों को एनआईओएस द्वारा आयोजित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा में किया गया है। जिले के शिक्षार्थियों की सुलभ पहुंच को ध्यान में रखते हुए 1092 परीक्षा केंद्र जिले के शासकीय विद्यालयों में बनाए गए हैं। प्रत्येक शिक्षार्थी को मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होने हेतु 3 घंटे का समय दिया गया है। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार समय पर उपस्थित हो सकते है। शेष शिक्षार्थी अपने 200 घंटे अध्यापन पूर्ण करने के उपरांत आगामी सितंबर माह की मूल्यांकन परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले एवं विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग दल का गठन किया गया है एवं कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

प्रश्न पत्र राज्य से प्राप्त कर विकासखंडो के माध्यम से परीक्षा केंद्रों तक उपलब्ध करवा दी गई है। परीक्षा हेतु वातावरण निर्माण करने के लिए शिक्षकों एवं योजना से जुड़े स्वयं सेवी शिक्षकों के द्वारा दीवार लेखन, रैली, शिक्षार्थी पंजी आदि के प्रचार-प्रसार किया गया है, ताकि शिक्षा से वंचित समूह मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होकर नव साक्षर बन सके। आकलन परीक्षा में सफल शिक्षार्थियों को एनआईओएस के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायगढ़ समाज के सभी वर्गों से रविवार को आयोजित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में सहयोग हेतु अपील किया गया है।

## हाइवे पर यातायात पुलिस ने की बिना हेलमेट चालकों पर कार्यवाई, जागरूकता के तहत बांटे हेलमेट

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज नेशनल हाईवे-49 के ग्राम जोरापाली में उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई, जिसमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों पर नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई और इस मुहिम में जिंदल फाउनडेशन द्वारा उपलब्ध कराये गये करीब 100 वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गवेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिंदल फाउनडेशन के सदस्यगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन करने और नशे में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन करने की सलाह दी गई।

डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा नियमित जांच और जागरूकता अभियानों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी देखी जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और स्वयं को सुरक्षित रखें।

## 100 दिवसीय निश्चय निरामय जांच एवं उपचार के साथ आयोजित हुआ मेगा स्वास्थ्य शिविर, 750 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में एसईसीएल रायगढ़ एवं स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से आर के एचआईवी रिसर्च एंड केयर सेंटर मुम्बई द्वारा आरआर एनर्जी गढ़उमरिया पुसौर में 100 दिवसीय निश्चय निरामय जांच एवं उपचार के साथ-साथ मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में लगभग 750 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें से 200 व्यक्तियों का ब्लड शुगर बीपी जांच किया गया और 147 व्यक्तियों का बलगम टेस्ट किया गया। इसके अलावा 149 व्यक्तियों का एक्स-रे जांच के लिए सीएससी पुसौर में भेजा गया और 30 व्यक्तियों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ नीलाराम पटेल, एसईसीएल के एरिया जनरल मैनेजर अनिरुद्ध सिंह, डॉक्टर जय कुमारी चौधरी, जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी योगिता बोरकर, डीपी मिश्रा एवं मेडिकल टीम पुसौर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला : एनडीपीएस मामलों की विवेचना पर कार्यशाला आयोजित, पुलिस अधीक्षक ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**रायगढ़**



पुलिस मुख्यालय के दिशा'निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में प्रत्येक शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में अपराध और मर्ग मामलों की त्रुटिहीन विवेचना के उद्देश्य से कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 मार्च 2025 को, पुलिस नियंत्रण कक्ष में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, डीएसपी अनिल विश्वकर्मा, उन्नति ठाकुर, सुशांतो बनर्जी, एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल समेत जिला मुख्यालय के थाना और चौकी प्रभारी तथा विवेचक शामिल हुए, जबकि तहसील क्षेत्र के थाना प्रभारियों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की।

कार्यशाला में एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल, थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक रोहित बंजारे और उप निरीक्षक गिरधारी साव ने एनडीपीएस मामलों की विवेचना में संभावित त्रुटियों और न्यायालय द्वारा पारित निर्णयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विवेचना अधिकारियों द्वारा की जाने वाली सामान्य चूकों और उनके प्रभाव पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

पुलिस अधीक्षक पटेल ने एनडीपीएस मामलों में प्रभावी और सटीक विवेचना पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में मजबूत साक्ष्य संकलन और विधिक प्रक्रियाओं का पालन आवश्यक है ताकि दोषियों को न्यायालय से कठोर दंड दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं विवेचकों को विधिक प्रक्रियाओं में दक्ष बनाने के लिए आवश्यक हैं और आगे भी विभिन्न जटिल विषयों पर इसी प्रकार कार्यशालाओं का आयोजन जारी रहेगा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480